


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 07 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 164 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









## पार्टी नेताओं से मिले निशांत, विधायकों के साथ की बैठक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहमति के बाद आज अहले सुबह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने शनिवार की सुबह संजय झा के आवास पर श्रवण कुमार, विजय चौधरी समेत 29 विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चाएं हुईं। अब तक की मिली जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार आज अपने गृह क्षेत्र बख्तियारपुर जाएंगे, जहां वह विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बताते चलें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर जदयू के कार्यकर्ता काफी भड़के हुए थे। गुस्सा इतना था कि सीएम हाउस जा रहे संजय गांधी को भी कार्यकर्ताओं ने वहां से खदेड़ दिया था। इतना ही नहीं जदयू के प्रदेश कार्यालय में भी हंगामा होता रहा। मजबूरन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री आवास में विधायकों और एमएलसी की बैठक करनी पड़ी, जिसमें उन्होंने काफी दवाब देते हुए अपने नेताओं को माहौल शांत करने की अपील की।

## जंग के बीच ईरान में कुदरत की मार फिर आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी है। इस बीच एक बार फिर ईरान में भूकंप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, ईरान के बंदर अब्बास के पास सुबह लगभग 8:48 बजे (आईएसटी) भूकंप आया है। भीकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई है। दरअसल, आज यानी शनिवार को ईरान में जोरदार भूकंप आया। यह भूकंप ईरान में बंदर अब्बास के पश्चिम में सुबह-सुबह आया। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर जारी हमले के बीच आए भूकंप के झटके ने लोगों और डरा दिया। यूएसजीएस के डेटा के मुताबिक, भूकंप बंदर अब्बास से 74 किलोमीटर पश्चिम में और 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप का झटका महसूस होते ही लोग घरों से बाहर की ओर भागने लगे। बता दें कि ईरान में पिछले कुछ दिनों से धरती लगातार कांप रही है। बीते मंगलवार को भी ईरान के दक्षिणी हिस्से में जोरदार भूकंप आया था।

## एमपी में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे, रेल यातायात प्रभावित



**बिलासपुर।** बिलासपुर से कोयला लेकर बड़ोदरा जा रही एक मालगाड़ी बिलासपुर बीना मार्ग पर कटनी मुड़वारा स्टेशन से पहले बेपटरी हो गई। जिससे रूट का रेल आवागमन प्रभावित हुआ है। ट्रैक को सुधारने और पटरी से उतरे डिब्बों को वापस पटरी पर लाने का कार्य जारी है। मौके पर डीआरएम सहित वरिष्ठ अधिकारी और कई स्थानों की राहत टीम मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार, बिलासपुर से एक मालगाड़ी कोयला लोड करके बड़ोदरा जा रही थी। लगभग 11 बजे जैसे ही वह एनकेजे से कटनी मुड़वारा की ओर बढी बाबा घाट के पास बने केबिन के पास अचानक से धमाके के साथ मालगाड़ी के एक के बाद एक पांच डिब्बे पटरी से उतर गए और कोयला ट्रैक पर बिखर गया। किसी तरह से चालक ने गाड़ी रोकी और वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई।

# बाबा पर अदालत मेहरबान

## पत्रकार हत्याकांड में सिर्फ राम-रहीम को हाईकोर्ट ने किया बरी

● बाकी आरोपियों को कहीं कोई राहत नहीं, सज़ा रहेगी बरकरार

● डेरामुखी के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर सकी सीबीआई





**पचकूला। पंचकूला।** बहुचर्चित छत्रपति हत्याकांड मामले में डेरा मुखी को बड़ी राहत मिली है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शनिवार सुबह सीबीआई अदालत के फैसले को आंशिक रूप से संशोधित करते हुए डेरा मुखी को इस मामले से बरी कर दिया है। हालांकि अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए अन्य तीन आरोपियों कुलदीप, निर्मल और किशन लाल की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने यह फैसला आरोपियों द्वारा सीबीआई की विशेष अदालत के निर्णय के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई के बाद सुनाया। अदालत ने मामले से जुड़े साक्ष्यों और दलीलों पर विस्तृत विचार करते हुए डेरा मुखी के खिलाफ आरोपों को पर्याप्त रूप से साबित न होने के आधार पर उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का आदेश दिया। वहीं, अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए उनकी दोषसिद्धि और सजा को कायम रखा गया है। सिरसा के पत्रकार रामचंद्र छत्रपति को अक्तूबर 2002 में उन्हें उनके घर के बाहर गोली मारी गई थी। 21 नवंबर 2002 को उनकी मौत हो गई। 2019 में सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम को मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अगस्त 2002 में अज्ञात पत्र में डेरा की साध्वियों के साथ यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगाए गए थे। छत्रपति ने इस पत्र को अपने अखबार में प्रकाशित किया था। 2003 में छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति की याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी थी। नवंबर 2003 में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की। 2004 में डेरा सच्चा सौदा ने यह जांच रुकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की थी, पर सुप्रीम कोर्ट ने यह याचिका खारिज कर दी। करीब 16 साल इस केस की सुनवाई पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट में चली। गुरमीत राम रहीम ने 2019 के फैसले के खिलाफ अपील दायर की थी। इसमें आज हाईकोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। गुरमीत राम रहीम दो साध्वियों के साथ दुष्कर्म मामले में 20 साल की सजा काट रहा है। वह वर्तमान में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है।

## घुसपैठियों को लेकर शाह का राहुल पर हमला

● जो इस देश का नहीं है, उसे बाहर किया जाएगा



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने पांच लोगों को भारत की नागरिकता के प्रमाणपत्र दिए। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए घुसपैठियों को लेकर अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं, उसे बाहर किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि आज धामी सरकार के चार साल पूरे हो रहे हैं, और बीजेपी सरकार के भी नौ साल पूरे हो रहे हैं। इस सरकार के ज़रिए मैं उत्तराखंड के लोगों को यह बताने आया हूं कि एक समय था जब यह राज्य अपनी पहचान और हक के लिए लड़ रहा था। उत्तराखंड की संस्कृति को बचाने के लिए यहां के युवाओं ने लड़ाई लड़ी। उस समय कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी ने राज्य के युवाओं को दबाया पाकिस्तान अफगानिस्तान से आए शरणार्थी शैलेष, जसपाल परमार, दुर्गा लाली राजपूत, हसेरी बाई को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं पांच पुलिस आरक्षी राष्ट्रीय सेवा मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए। गृहमंत्री ने इस दौरान 1100 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान नई नियुक्ति पाने वाले 2000 पुलिस कर्मियों ने गृह मंत्री का स्वागत किया।

## गधा पालने पर मिलेगा लाखों का अनुदान



**नई दिल्ली।** देश में लगातार गधों की संख्या घट रही है। इसलिए केंद्र सरकार ने ये फैसला किया है कि वे गधों को लेकर एक स्कीम चलाएगी। इस स्कीम का उद्देश्य गधों का संरक्षण और पालन को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के तहत गधे पालन को लेकर 50 लाख रुपये दे रही है। इसके साथ ही अगर कोई राज्य गधों के संरक्षण को लेकर काम कर रहा है। उसे केंद्र सरकार की ओर से मदद दी जाएगी। गधे के अलावा घोड़े और ऊंट के पालन के लिए भी सरकार की ओर से पैसा दिया जाएगा।

## डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर से निकलने लगा धुआं

● लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग

● दूसरे हेलीकाप्टर से निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए चौधरी चरण सिंह अतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्ट्स मैदान से कौशांबी के लिए रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के अंदर धुआं फैलने लगा, जिससे कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर हेलीकॉप्टर को वापस अमौसी एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। उपमुख्यमंत्री अब दूसरे हेलीकॉप्टर से अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे।

## घरेलू गैसे सिलेंडर के दाम में 60 रुपये का इजाफा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की LPG गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका है।




## ईरान की जंग में उतरेगा पाकिस्तान?

**दुबई।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के ऑयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई। बैठक में ईरान के हालिया हमलों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया।

# ईरान-इजराइल जंग से दुनिया में टेंशन

## दोनों तरफ से कोई झुकने को तैयार नहीं, रात भर मिसाइलों की आतिशबाजी

● सैन्य क्षेत्र और राजनीतिक केंद्र के अलावा रिहायशी इलाके स्कूल और अस्पताल भी निशाने पर



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहा ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब आठवें दिन में प्रवेश गया है। पूरा क्षेत्र तनाव की चपेट में है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का युद्ध को लेकर सख्त रवैया और खाड़ी देशों में बढ़ता संघर्ष, वैश्विक राजनीति के लिया बड़ा संकट साबित होता दिख रहा है। ईरान पर अमेरिकी-इस्राइली हमले जारी है। तेहरान सहित और देश के अन्य हिस्सों को निशाना बनाया जा रहा है। ताजा अपेडट्स के मुताबिक ईरान की राजधानी के दो मुख्य हवाई अड्डों में से एक मेहराबाद को निशाना बनाया गया था। जहां आसपास का इलाका भी प्रभावित हुआ है। पूरे शहर में रात भर बड़े-बड़े विस्फोटों की आवाजें सुनाई देती रहीं, जिनकी झटकेदार लहरें राजधानी के विभिन्न इलाकों में आसानी से महसूस की जा सकती थीं। रिपोर्ट में बताया गया कि सिर्फ सैन्य क्षेत्र या राजनीतिक केंद्र ही नहीं आवासीय क्षेत्र, स्कूल और अस्पताल भी निशाने पर हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 32.7°C
● तापमान न्यूनतम : 17.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.59
वाराणसी, 07 मार्च, शनिवार, 2026 (3)






**अब सपने होंगे साकार**

11 गांवों के 78 आंगनवाड़ी केंद्रों तक प्रतिदिन 2000 बच्चों के लिए नाश्ता और भोजन पहुंचाने की जिम्मेदारी ई-रिक्शा चालक महिलाओं ने उठायी

जनमुख डेस्क

# धर्मयुद्ध के लिए निकले शंकराचार्य

## बीस गाड़ियों के काफिले के साथ लखनऊ के लिए रवाना

● **प्रदेश सरकार को दी गयी 40 दिन की मोहलत समाप्त होने से पहले ही आंदोलन की रूपरेखा तैयार**



**वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश सरकार को दी गई 40 दिन की अवधि समाप्त होने से पांच दिन पहले ही अपने आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। आज शनिवार की सुबह केदारघाट स्थित श्री विद्या मठ आश्रम से निकलकर वह पालकी पर सवार होकर श्रीचिंतामणि गणेश मंदिर पहुंचे। वहां 11 बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ उनका स्वागत किया और स्वस्तिवाचन किया। मंदिर में श्री गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद वह संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक और बजरंग बाण का पाठ किया। इसके बाद जयकारों के साथ अपनी वैनिटी वैन में सवार होकर लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। रवानगी से पहले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने ही वोट से चुनी गई सरकार के सामने गौ रक्षा के लिए धर्म युद्ध करना पड़ रहा है। इस दौरान उनके शिष्यों ने लोगों के बीच एक पंफलेट वितरित किया, जिसमें लिखा था 'जिंदा हिंदू लखनऊ चलें'। 'गौ माता की जय', 'हर हर महादेव' के उद्घोष के बीच लगभग 20 गाड़ियों के काफिले के साथ उन्होंने लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। पत्रकारों द्वारा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बयान के संदर्भ में पूछे जाने पर कि 'गौ माता को कोई खरोंच नहीं पहुंचा सकता', स्वामी ने कहा कि यह सही समय है कि जो भी कहना है, वह कह दें। कोई पक्ष में बोलेगा, कोई विपक्ष में, लेकिन जो सच है, वह सभी जानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो कालनेमि हैं, वे कुछ नहीं बोलेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का यह आंदोलन गौ माता की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उनका मानना है कि गौ माता की सुरक्षा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी आवश्यक है। लखनऊ में पहुंचने के बाद वह अपने आंदोलन को और भी व्यापक रूप देने की योजना बना रहे हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अनुयायी और समर्थक इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गौ माता की रक्षा को लेकर आंदोलन की आंच काशी के बाद अब लखनऊ में चर्चा में रहेगी।

## इंग्लैंड के वेलिंगबोरो शहर के मेयर की महापौर से शिष्टाचार भेंट



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इंग्लैंड के Wellingborough नगर के मेयर राज मिश्रा ने आज वाराणसी प्रवास के दौरान वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी से उनके कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महापौर द्वारा उन्हें अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल सहित नगर निगम के पार्षद भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों के मध्य शहरी विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि राज मिश्रा वर्तमान में इंग्लैंड के वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के मेयर हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद के निवासी हैं तथा 13 मई 2025 को वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के पाँचवें मेयर के रूप में निर्वाचित हुए। उनका कार्यकाल 13 मई 2025 से 13 मई 2026 तक है। वे यूनाइटेड किंगडम की प्रमुख राजनीतिक पार्टी Conservative Party से जुड़े हुए हैं।

## नियुक्तियों में धांधली की जांच के लिए वाराणसी पहुंची आईबी और विजिलेंस



**वाराणसी।** बीएचयू, आईआईटी बीएचयू और अंतर-विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र (आईयूसीटीई) में वर्ष 2022 से 2024 के बीच तीन वर्षों में हुई 200 से अधिक नियुक्तियों की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है। पीएमओ की सख्ती के बाद शुक्रवार को इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली विजिलेंस टीम वाराणसी पहुंचीं। बीएचयू के केंद्रीय कार्यालय में रिक्रूटमेंट सेल से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलें तलब कर लीं। विजिलेंस टीम नियुक्तियों में कथित भ्रष्टाचार और खरीद-फरोख्त के आरोपों की जांच कर रही है, जबकि इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) भर्ती से जुड़े मनी ट्रेल और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की गोपनीय पड़ताल कर रही है।

## विश्वनाथ धाम में महिला दिवस पर महिलाओं को मिलेगा वीआईपी दर्शन

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को बाबा विश्वनाथ के धाम में महिलाओं को VIP दर्शन की सुविधा मिलेगी। 8 मार्च को मंदिर के कपाट खुलने से लेकर बंद होने तक महिलाओं को गेट नंबर 4B से निशुल्क प्रवेश मिलेगा। चाहे वो वाराणसी की हों या बाहर की। विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी महिलाओं से अपील की है कि वो किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित वस्तु लेकर न आएं। जिससे उन्हें इस VIP दर्शन में असुविधा का सामना करना पड़े।

## अब चलेगी पुरवाई, बदलेगा मौसम

### ठंड की सिर्फ स्मृतियां शेष रह जाएंगी



**वाराणसी।** आज सुबह वातावरण में हल्की ठंडक और कुछ बदली की सूरत बनी हुई थी लेकिन सूरज का ताप सात बजे के बाद से प्रभावी होना शुरू होने के बाद वातावरण में गर्मी का असर घुलने लगा। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुरूप ही हवाओं का रुख भी कुछ सुस्त रहा। हालांकि अब दिन में सतही हवाओं के चलने का अनुमान है। फगुआ हवाओं का रुख दोपहर में ही प्रभावी हो रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले सप्ताह के बाद पछुआ का जोर भी पूरी तरह से थमने के साथ पुरवा का जोर नजर आने लगेगा। वाराणसी में मौसम का रुख बदल चुका है। अब धीरे धीरे वातावरण में गर्मी का रुख प्रभावी होता जा रहा है। अनुमानों के अनुसार अब मौसम का रुख बदलेगा और वातावरण में गर्मी धीरे धीरे प्रभावी होगी। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार इस पूरे सप्ताह मौसम के रुख में कुछ खास बदलाव होने का अनुमान नहीं है।

## बरेमा में कल से अखंड रामचरितमानस पाठ

**वाराणसी।** वाराणसी के बरेमा गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 8 मार्च से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह मंदिर काशी खंड के प्रसिद्ध पंचक्रोशी तीर्थ मार्ग के तीसरे पड़ाव रामेश्वर से लगभग एक किलोमीटर पहले स्थित है। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजन के साथ होगा। आयोजक राहुल सिंह और किशन तिवारी ने बताया कि अखंड पाठ के आरंभ के साथ ही उसी दिन शाम को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन है।

## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान नहीं कटेगी बिजली



**वाराणसी।** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले को देखते हुए पूर्वांचल में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। फाइनल मुकाबला रविवार को इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता (वितरण) ने वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़ और बस्ती मंडल के अधिकारियों को पत्र जारी कर बिजली व्यवस्था चुस्त रखने का निर्देश दिया।

## अब चार रंगों के डस्टबिन से होगा कूड़ा निस्तारण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अब प्रत्येक वार्ड में चार अलग-अलग श्रेणियों के डस्टबिन और जागरूकता स्टिकर वितरित करने का निर्णय लिया गया है ताकि शत-प्रतिशत कूड़े का पृथ्थक्कीकरण (सोर्स सेग्रिगेशन) किया जा सके । नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो नागरिक इस नियम का पालन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए और जो सहयोग नहीं कर रहे हैं, उन्हें स्वच्छता के नियमों का पाठ पढ़ाया जाए। इस क्रम में अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने स्वास्थ्य विभाग से प्रत्येक वार्ड के लिए चार रंगों के कूड़ेदान (बिन्स) जारी देने का निर्देश दिया है।

## जोमैटो फीडिंग इंडिया ने दिया चार नया ई-रिक्शा

● **आशा ट्रस्ट और लोक समिति के सहयोग से महिलाओं को मिला प्रशिक्षण**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लोक समिति के संयोजक नंदलाल मास्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में कार्यरत सामाजिक संस्था लोक समिति को जोमैटो फीडिंग इंडिया की ओर से चार नए ई-रिक्शा उपहार स्वरूप प्राप्त हुए हैं। इन ई-रिक्शों के माध्यम से जनता रसोई घर में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बेनीपुर और कुरौना सेक्टर के 11 गांवों के 78 आंगनवाड़ी केंद्रों तक प्रतिदिन लगभग 2000 बच्चों के लिए नाश्ता और भोजन पहुंचा रही हैं। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व फीडिंग इंडिया के सी ई ओ अजीत सिंह लोक समिति आश्रम नागेपुर आए थे, जहां उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित कम्यूनिटी किचन जनता रसोई घर के कार्यों की सराहना की थी। उसी दौरान उन्होंने महिलाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। आराजी लाईन क्षेत्र की सीता, शारदा, अनीता और सुमन ने ई-रिक्शा चालक बनकर यह साबित कर दिया है कि मेहनत और हौसले के बल पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। आशा ट्रस्ट और लोक समिति के सहयोग से महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर बच्चों तक भोजन पहुंचाने का कार्य कर रही हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय कार्य मॉडल वर्क और टीम भावना के साथ किए जाएं, ताकि विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों के आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

## देववंशी समाज का 51वां होली मिलन समारोह 8 मार्च को

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** देववंशी समाज का 51वां होली मिलन समारोह 8 मार्च, रविवार को पराड़कर स्मृति भवन, गोलघर, मैदागिन स्थित परिसर में सायंकाल चार बजे से शुरू हो जाएगा। समारोह में बच्चों के कार्यक्रम के साथ लोकगीत, होली-भजन व सांस्कृतिक शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।




## रोटेरियंस ने खेली फूलों की होली

● **मासूम अली के भक्ति गीतों ने किया विभोर**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा महमूरगंज स्थित शगुन लान में रोटरी परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कलाकारों द्वारा स्वस्तिवाचन से समारोह की शुरुआत की गई। गायक मासूम अली द्वारा होली के भक्ति भरे गीतों से रोटेरियंस भाव विभोर हो गए। डॉ दिव्या के निर्देशन में कलाकारों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से राधा कृष्ण की फूलों की होली का मंचन किया नृत्य नाटिका से भाव विभोर सभी उपस्थित रोटेरियंस ने फूलों की होली का आनंद लिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा राजा बलदेव दास बिरला हॉस्पिटल में जरूरतमंदों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु लगाई जाने वाली फेंको मशीन हेतु योगदान देने हेतु रो गोविंद किसनानी का डी जी एन रो दिनेश गर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय रोटरी पी एच एफ पिन पहना कर अभिनंदन किया।

## नगर आयुक्त ने दी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में काम करने की हिदायत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा शुक्रवार को सामान्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में 15वें वित्त आयोग तथा पार्षद कोटा के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता, मानक एवं बेहतर फिनिशिंग के साथ पूर्ण कराया जाए।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## बलिया समाचार

### अकीदत संग अदा की तीसरे जुमे की नमाज



**बलिया।** पाक रमजान माह के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। छोटी बड़ी मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। तिलावत ए कुरान शरीफ की गई। प्नगर से सटे बहेरी स्थित मस्जिद में मौलाना मंसूर ने कहा कि रोजेदार खुशनसीब हैं। रोजेदार की मगफिरत के लिए दरिया की मछलियां दुआ करती हैं। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण का जरिया है। असल रोजा तो वह है ताकि अल्लाह राजी हो जाए। जब हाथ उठे तो भलाई के लिए, कान सुने तो नेकी के लिए, आंख देखें तो जायज चीजों को। सुबह रोजेदारों ने सहरी खाई। पुरुषों ने मस्जिदों में तो महिलाओं ने घरों में नमाज एक फक्का अदा की। जुमे की अजान होते ही बड़ी मस्जिद गुदरी बाजार, बहेरी, उमरगंज, काजीपुरा, के साथ ही अन्य मस्जिदें नमाजियों से भरने लगी। इसके बाद नमाजियों ने सुन्नतें अदा कीं। इमाम ने तकरीर पेश की। शाम को असर की नमाज पढ़ी गई। इफ्तार का इंतजार शुरु हआ। इसीक्रम में नरहीं में रोजा की तीसरे जुमा नमाज अदा की गई। उजियार गांव में स्थित मस्जिद बैतून नूर में रोजा की दूसरी नमाज अदा की गई। इस मौके पर हाफिज गुलाम हसनैन,नासिर अली, मुजम्मिल, अहसान, भोलाशौकत अली, शाहिद अंसारी वकील अहमद, शोएब अंसारी, सरफराज, रिजवान, शकिल अहमद, सरफराज आदि रहे।

## मऊ समाचार

### तिलक के दिन हृदयगति रुकने से पिता की मौत

**मऊ।** रामपुर बेलौली थाना क्षेत्र के बैरियाडिह गांव में बेटी की तिलक के दिन हृदयगति रुकने से पिता की मौत हो गई। शादी वाले घर में मातम पसर गया। इस हादसे से तिलक का कार्यक्रम निरस्त हो गया। मिसाल पेश करते हुए वर पक्ष युवती को अपने साथ लेकर चले गए। बिना बरात लाए शादी करने की बात कही। मोहन प्रजापति ने बताया कि उनके बड़े भाई लालबदन प्रजापति अपनी बेटी अर्चना की शादी रामपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी शिव बचन प्रजापति के बेटे पंकज प्रजापति के साथ तय किए हैं। शादी छह मार्च को तिलक और नौ मार्च को शादी का दिन रखा गया। शुक्रवार की सुबह से बेटी का तिलक चढ़ाने की तैयारी चल रही थी। घर के बाहर गाड़ियां आकर खड़ी थीं। इसी बीच लालबदन प्रजापति के सीने में अचानक दर्द उठा। परिजन कुछ समझ पाते कि इतने में उनकी मौत हो गई।

## भदोही समाचार

### भदोही में कार्पेट एक्सपोर्टर की बेटी बनी IAS

**भदोही।** जिले के चौरी थाना क्षेत्र के रोटहा गांव की रहने वाली इंफ्रा शम्स अंसारी ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 24 प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से पूरे भदोही जनपद में खुशी और गर्व का माहौल है। इंफ्रा भदोही जिले की पहली बेटी हैं जिनका चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के लिए हुआ है। यूपीएससी का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ था। इंफ्रा शम्स अंसारी के पिता मोहम्मद शम्स आलम पेशे से कार्पेट एक्सपोर्टर हैं। जबकि उनकी माता का नाम यास्मीन अंसारी है। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। इंफ्रा बहनों में दूसरे नंबर पर हैं, जबकि उनके भाई मोहम्मद वाइज अंसारी मुंबई में रहकर ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। इंफ्रा की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इंफ्रा ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ के लमाटिया गर्ल्स इंटर कॉलेज से की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया से यूपीएससी की तैयारी शुरू की। कड़ी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने दूसरे प्रयास में ही बड़ी सफलता हासिल की। पहले प्रयास में वह मुख्य परीक्षा तक पहुंची थीं, जबकि दूसरे प्रयास में इंटरव्यू पास कर ऑल इंडिया रैंक 24 प्राप्त की। इंफ्रा के पिता शम्स आलम ने बताया कि उनकी बेटी को यूपीएससी की तैयारी के लिए प्रेरणा टॉपर श्रुति शर्मा से मिली थी। इसके बाद उसने पूरी लगन के साथ तैयारी शुरू की। सीमित संसाधनों के बावजूद इंफ्रा ने मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। रमजान के महीने में यह बड़ी उपलब्धि मिलने से परिवार और गांव में खासा उत्साह है। सुबह से ही गांव और आसपास के लोग उनके घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं।

## मीरजापुर समाचार

### स्कूटी की टक्कर से किसान की गई जान

**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के बंजारी कला गांव में बृहस्पतिवार की रात आठ बजे दुकान पर सामान लेने जा रहे एक किसान को स्कूटी सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे किसान गंभीर रुप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी पन्ना लाल धरिकार (58) बृहस्पतिवार की आठ बजे रात दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। उसी दौरान रिश्तेदारी में आए मध्य प्रदेश के सीधी जिला निवासी स्कूटी चालक राम प्रताप ने पीछे से उनको टक्कर मार दी। स्कूटी की टक्कर से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल किसान को प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह अपने वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए रेफर कर दिया। घायल किसान को परिजन प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड़ दिया।

## जौनपुर समाचार

### रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में मांगी अमन-चैन की दुआ



**जौनपुर।** पवित्र रमजान माह के तीसरे जुमे पर शुक्रवार को शहर समेत जनपद की सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर की बड़ी मस्जिद, शाही पुल पर स्थित मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में दोपहर के समय बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। रोजेदारों ने श्रद्धा के साथ विशेष जुमे की नमाज अदा की। देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाजियों की सुविधा के लिए मस्जिदों में सुबह से ही साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

**मड़ियाहूं:** कोतवाली के बगल स्थित मस्जिद, बड़ी मस्जिद और नूरानी मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में दोपहर के समय नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद भी दी।

## प्रयागराज समाचार

### दिल्ली और मुंबई रूट की ट्रेनों में अगले कई दिन नहीं हैं कंफर्म टिकट



**प्रयागराज।** होली का उल्लास मनाने के बाद अब कामकाज के लिए लौटने वाले यात्रियों की राह कठिन हो गई है। दिल्ली और मुंबई जाने वाली सभी नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है। रविवार को दिल्ली रूट की ट्रेनों में इस सीजन की सर्वाधिक भीड़ उमड़ने का अनुमान है, जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने कमर कस ली है। दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। रविवार को प्रयागराज एक्सप्रेस, रीवा एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम और शिवगंगा एक्सप्रेस की तमाम श्रेणियों में नो रूम की स्थिति बन गई है। स्लीपर तो दूर, एसी कोचों में भी वेटिंग का आंकड़ा काफी अधिक है। हालांकि, रेलवे प्रशासन की ओर से संचालित प्रयागराज-दिल्ली स्पेशल ट्रेन ने थोड़ी राहत दी है। इस स्पेशल ट्रेन के चलने से प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोचों में होने वाली बेतहाशा भीड़ में कुछ कमी दर्ज की गई है। शुक्रवार को भी प्रयागराज एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होने के लिए शाम से ही प्लेटफॉर्म नंबर एक पर यात्रियों की लाइन लगनी शुरू हो गई। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, आर्थिक राजधानी मुंबई की राह भी आसान नहीं है। संगम नगरी से गुजरने वाली महानगरी एक्सप्रेस, मुंबई मेल, पवन एक्सप्रेस, गोदान, काशी एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस में भी अगले कई दिनों तक कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल है। यात्रियों को तत्काल कोटा या स्पेशल ट्रेनों का ही सहारा बचा है। नवी मुंबई स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत अमित श्रीवास्तव ने बताया कि वह होली पर प्रयागराज तो आ गए लेकिन अब वापसी की राह मुश्किल है। टिकट कंफर्म नहीं मिल रहा है। हवाई किराया भी 10 हजार के ऊपर है। इसी तरह म्योराबाद की निधि ने बताया कि उनके भाई को पुणे जाना है। ट्रेन में जगह न होने की वजह से से हवाई सफर पर विचार किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रविवार को अन्य दिनों के मुकाबले ज्यादा भीड़ हो सकती है। छुट्टी खत्म होने के बाद सोमवार से दफ्तर खुलने के कारण ज्यादातर लोग रविवार की यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## देवरिया समाचार

### लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के एएसपी ने दिए निर्देश

**देवरिया।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय ने शुक्रवार को कोतवाली थाना का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, मिशन शक्ति केंद्र और साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना कार्यालय में विभिन्न रजिस्टरों, अपराध पंजिका, लंबित विवेचनाओं और अन्य अभिलेखों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने थाने में पड़े पुराने माल-मुकदमाती और जब्त सामान के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें विधिक प्रावधानों के तहत समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही मालखाना में रखे सामान की सूची और सुरक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने पर जोर दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### जनऊपुर गांव में पिटाई से घायल आरोपी पक्ष के युवक की मौत



**सुल्तानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जनऊपुर गांव में बच्चों के विवाद हुई पिटाई से घायल आरोपी पक्ष के रमेश सोनकर (40) ने भी दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। मृतक की पत्नी तहरीर पर पुलिस ने होमगार्ड वीरेंद्र सोनकर, उनके पुत्र मोहित व मंगल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

वहीं, गांव में दो मौत से माहौल तनावपूर्ण बना रहा। एहतियातन गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मोहित सोनकर का शव जब गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मोहित सोनकर के परिजन हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर के समझाने व आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। बृहस्पतिवार शाम जनऊपुर गांव में बच्चों के बीच विवाद के बाद हुई फायरिंग में मोहित सोनकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके सगे भाई मंगल सोनकर गोली लगने से घायल हो गए। सीओ ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। मोहित के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है, जबकि रमेश सोनकर का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उधर, स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार रमेश पेशे से राजगीर था। उसकी इच्छा जिला पंचायत का चुनाव लड़ने की थी। उसने होली व रमजान के बधाई संदेश की होर्डिंग भी कई स्थानों पर लगवाया था। उनकी पत्नी गुलाबा देवी का आरोप है कि बृहस्पतिवार को उनके पति की पड़ोसी होमगार्ड वीरेंद्र सोनकर व उनके परिवार के लोगों से मारपीट हो गई थी।

विपक्षियों ने लाठी व अन्य हथियार से उनके पति पर हमला किया, जिसमें उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इससे उनकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि रमेश सोनकर की पत्नी गुलाबा देवी की तहरीर पर मोहित, मंगल व वीरेंद्र प्रताप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## गाजीपुर समाचार

### लंबित प्रकरणों का समय से करें निस्तारण : मंडलायुक्त

**गाजीपुर।** मंडलायुक्त वाराणसी एस राजलिंगम ने शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, जिला सचिवालय, अभिलेख कक्ष (माल), ई-गर्वेनेंस सेल का निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ई-गर्वेनेंस सेल में आईजीआरएस/मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित सभी न्यायालय कक्षों मे पुराने लंबित केसों को सूचीबद्ध करते हुए जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न पत्रावलियों की समीक्षा की। कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यालय के कार्यों में उदासीनता व लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों के निर्माण, पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्ययोजना को मिली मंजूरी



**सोनभद्र।** राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग श्री संजीव कुमार गौंड, मा0 सांसद श्री छोटेलाल खरवार, मा0 विधान परिषद सदस्य श्री आशुतोष सिन्हा, जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह, एम0एल0सी0 के प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश यादव, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, विधायक सदर के प्रतिनिपधि विकास मिश्रा, अपर जिलाधिकारी श्री वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अधीन कार्यरत जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास (डी0एम0 एफ0) सोनभद्र की बैठक की गयी। बैठक में जनपद के खनिज क्षेत्रों में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास फण्ड के माध्यम से विकास कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास द्वारा जनपद में पिछले वित्तीय वर्ष में कराये गये कार्यों की बिन्दुवार जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री इन्द्रभान सिंह द्वारा दी गयी।

### होली के रंग

**होली के रंग**
**परिवार नहीं है संग**
**खेल रहें हैं होली सब**
**देख खुश हो रहे हम सब ।**
**चल रहा अभियान विशेष**
**अवैध मदिरा ना रहे शेष**
**दे रहे ड्यूटी पहने गण वेश**
**संकल्प यही मिटे- क्लेश।**
**संदिग्धगाँव पर सतर्क निगाह,**
**होटल ढाबा को करें आगाह**
**कच्ची की भट्ठियाँ ना चढ़ने पायें**
**उनके बच्चे भी पढ़ने स्कूल जाएँ।**
**जन मानस रहे सावधान**
**होली त्योहार में ना हो व्यवधान,**
**ना पाउच में ना अवैध अड्डों से**
**मदिरा खरीदें अधिकृत ठेकों से।**
**त्योहार मने खुशियों से भरा**
**हर आँगन हो उल्लास भरा**
**दूर भले हो अपना परिवार**
**कर्म- पथ ही अपना श्रृंगार ।**
**ना गुलाल अभी ना रंग -प्रहार**
**कंधों पर दायित्व अपार**
**हम खड़े प्रहरी बनकर**
**सुरक्षित हो हर घर द्वार ।**
**आज नहीं तो कल सही**
**रंग प्रतीक्षा में ठहरें हैं**
**सेवा के इस सूने पल में**
**हम ही अपने सहचर हैं ।**
**होली केवल अबीर नहीं**
**कर्तव्य का भी है प्रसंग**
**जब हर घर सुरक्षित होगा**
**तभी चढ़ेगा सच्चा रंग ।**
**- ज्ञानेंद्र नाथ पांडे 'सरल'**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**मीरजापुर।**

## चंदौली समाचार

### मृत्युंजय ने यूपीएससी में 726वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया मान

**चकिया।** नगर निवासी मेधावी छात्र मृत्युंजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2026 में 726वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी है। मृत्युंजय गुप्ता बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक और वार्ड नंबर 11 शास्त्री नगर के निवासी शैलेश गुप्ता के पुत्र हैं। भाजपा विधायक कैलाश आचार्य ने शुक्रवार को मृत्युंजय के आवास पर पहुंचकर सम्मान किया और कहा कि मृत्युंजय की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। शैलेश गुप्ता वर्तमान में मुजफ्फरपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में अध्यापक हैं। उनके पिता स्वर्गीय गिरजा गुप्ता भी शिक्षक थे।

## महराजगंज समाचार

### घर में लटका मिला हत्यारोपी का शव- फंदे से झूल रहा था



**महाराजगंज।** फरेंदा के बृजमनगंज के सौरहा निवासी हत्यारोपी मुर्तजा पत्नी की हत्या के बाद से फरार था। पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को दिन में दो बजे हत्यारोपी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के सौरहा निवासी मुर्तजा (25) की शादी बरगाहपुर निवासी नजमा (23) के साथ डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच लगातार विवाद हो रहे थे। आरोप है कि पति की दहेज प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी मायके में ही रहने लगी थी। कुछ दिन बीतने के बाद आपसी समझौते से दोनों का संबंध विच्छेद भी हो गया था। बृहस्पतिवार को नजमा अपनी मां आयशा के साथ शादी में दिए गए सामान लेने पहुंची तो हंगामा खड़ा हो गया। गांव के तमाम लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। दहेज का सामान अभी गाड़ी पर रखा जा रहा था कि पति मुर्तजा ने पत्नी को कमरे में बुलाकर जरूरी बात करने की बात कही। आरोप है कि पत्नी कमरे में पहुंची तभी मुर्तजा ने कुल्हाड़ी से नजमा के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई।पत्नी की हत्या के बाद से ही आरोपी मुर्तजा फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जगह-जगह छापा मार रही थी। शुक्रवार को दिन में किसी ने मुर्तजा का शव फंदे से लटका हुआ बताकर शोर मचाया। मौके पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा होकर सूचना पुलिस को दिए।

सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार व थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। सीओ अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। नजमा की हत्या के बाद उसकी मां की तहरीर पर पुलिस मुर्तजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

## आजमगढ़ समाचार

### यूपीएससी की परीक्षा में भाई-बहन ने गढ़ी सफलता की कहानी




**आजमगढ़।** बिलरियागंज के शांतिपुर निवासी भाई-बहन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। परिणाम में भाई ने 154वीं और बहन ने 361वीं रैंक हासिल की है। शांतिपुर निवासी अधिवक्ता सूर्यप्रकाश उपाध्याय लखनऊ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। वहीं उनकी पत्नी प्रतिभा उपाध्याय इंटर कॉलेज में शिक्षिका हैं। इनके बेटे आदित्य हृदय उपाध्याय ने यूपीएससी परीक्षा में 154वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि छोटी बेटी आयुषी उपाध्याय ने 361वीं रैंक हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। शैक्षणिक उपलब्धियों में दोनों भाई-बहन का रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है। आदित्य रुड़की से बीटेक में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। वहीं आयुषी ने नेशनल लॉ कॉलेज से ग्रेजुएशन में गोल्ड मेडल हासिल किया है। आदित्य इससे पहले भी यूपीएससी परीक्षा में चयनित होकर आईआरएस (असिस्टेंट कमिश्नर इनकम टैक्स) के पद पर कार्यरत हैं, जबकि आयुषी उपाध्याय ने दूसरे प्रयास में शानदार सफलता प्राप्त की है। दोनों भाई-बहन की इस उपलब्धि से गांव में हर्ष का माहौल है। गुरेहथा के राज सिंह की यूपीएससी में 729वीं रैंक-आजमगढ़। मेंहनगर के गुरेहथा निवासी राज सिंह ने तीसरे प्रयास में यूपीएससी में 729वीं रैंक हासिल की है।

## लाइफ मंत्र

### नवरात्रि में इन नियमों का करें पालन, कलश स्थापना के समय भूलकर भी न करें ये गलती

हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक महत्व रखने वाला माना जाता है। चैत्र मास में आने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि कहा जाता है। इन नौ दिनों में भक्त पूरे श्रद्धा भाव से माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। मान्यता है कि नवरात्रि के दौरान की गई पूजा, साधना और उपवास से देवी दुर्गा प्रसन्न होकर भक्तों के जीवन के संकट दूर करती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी शुभारंभ माना जाता है। इस दौरान घरों और मंदिरों में घट स्थापना (कलश स्थापना) की जाती है, जो नवरात्रि पूजन की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है।



**कब से शुरू होगी चैत्र नवरात्रि?**

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है।

**प्रतिपदा तिथि आरंभ:** 19 मार्च 2026, सुबह 06:52 बजे

**प्रतिपदा तिथि समाप्त:** 20 मार्च 2026, सुबह 04:52 बजे

ऐसे में चैत्र नवरात्रि 19 मार्च 2026 से शुरू होगी और 27 मार्च 2026 को राम नवमी के साथ इसका समापन होगा। इन नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है और कई भक्त पूरे नौ दिन का व्रत भी रखते हैं। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना करना अत्यंत शुभ माना जाता है। वर्ष 2026 में कलश स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे।

**प्रथम शुभ मुहूर्त**

सुबह 06:52 बजे से 07:43 बजे तक

**अभिजीत मुहूर्त**

दोपहर 12:05 बजे से 12:53 बजे तक

इन शुभ मुहूर्तों में कलश स्थापना करने से पूजा का विशेष फल प्राप्त होता है।

**घट स्थापना के समय रखें ये जरूरी सावधानियां**

कलश स्थापना नवरात्रि पूजा की शुरुआत का प्रतीक होती है, इसलिए इस दौरान कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। कलश स्थापना से पहले पूजा स्थल को अच्छी तरह साफ करें।

पूजा में इस्तेमाल होने वाला कलश अंदर से स्वच्छ होना चाहिए। खंडित या टूटा हुआ कलश प्रयोग में न लें। एक बार कलश स्थापना होने के बाद उसे नवरात्रि के पूरे नौ दिन तक न हटाएं। कलश को अपवित्र हाथों से स्पर्श न करें। जहां घट स्थापना की जाए, उस स्थान को खाली न छोड़ें। पूजा स्थल के आसपास शुद्धता बनाए रखें।

**चैत्र नवरात्रि के दौरान पालन करें ये नियम**

नवरात्रि का व्रत जितना पवित्र माना जाता है, उतने ही इसके नियमों का पालन भी महत्वपूर्ण होता है। नवरात्रि के पहले दिन सही मुहूर्त में ही कलश स्थापना करें। घर और मंदिर की साफ-सफाई अवश्य करें।

इन नौ दिनों में तामसिक भोजन जैसे मांस-मदिरा का सेवन न करें। नवरात्रि के दौरान बाल और नाखून काटने से बचें। दिन में अधिक सोने से परहेज करें। पूजा के दौरान सात्विक भोजन और संयमित जीवनशैली अपनाएं।

**नवरात्रि का धार्मिक महत्व**

हिंदू मान्यता के अनुसार नवरात्रि देवी शक्ति की आराधना का सबसे शुभ समय माना जाता है। इन दिनों भक्त दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की पूजा कर उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दौरान किए गए जप, तप और व्रत से व्यक्ति के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। चैत्र नवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक भी है। यदि श्रद्धा और विधि-विधान से घट स्थापना और पूजा की जाए तो माता दुर्गा की कृपा से जीवन के सभी संकट दूर होने की मान्यता है।

# जाह्नवी कपूर ने नंगे पाँव चढ़ीं तिरुमाला की 3,500 सीढ़ियाँ, भगवान वेंकटेश्वर का लिया आशीर्वाद



कपूर, जिन्हें आखिरी बार सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी (2025) में देखा गया था, ने अपनी यात्रा अलीपिरी फुटपाथ से शुरू की, जो तीर्थयात्रियों द्वारा तिरुमाला पहुँचने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मुख्य पैदल रास्ता है। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने शुक्रवार को अपना 29वां जन्मदिन एक बेहद खास और आध्यात्मिक अंदाज में मनाया। अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए, अभिनेत्री आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर पहुँचीं और पैदल मार्ग से पहाड़ी की चढ़ाई पूरी कर भगवान के दर्शन किए। एक्टर शुक्रवार को 29 साल की हो गईं, और उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के आशीर्वाद के साथ अपना नया साल शुरू करने का फैसला किया।

कपूर, जिन्हें आखिरी बार सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी (2025) में देखा गया था, ने अपनी यात्रा अलीपिरी फुटपाथ से शुरू की, जो तीर्थयात्रियों द्वारा तिरुमाला पहुँचने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मुख्य पैदल रास्ता है। कुछ दोस्तों के साथ, उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन के लिए पहाड़ी मंदिर तक पहुँचने के लिए लगभग 3,550 सीढ़ियाँ चढ़कर 11 किलोमीटर का रास्ता तय किया। खबर है कि इसके बाद एक्टर ने सुबह VIP ब्रेक दर्शन किया। ट्रैक के दौरान, वह मोकलामिट्टा में भी रुकीं, जो पहाड़ी पर चढ़ने वाले भक्तों द्वारा पवित्र मानी जाने वाली जगह है।

उन्होंने मंदिर आने वाले कई तीर्थयात्रियों द्वारा की जाने वाली पारंपरिक रस्म को मानते हुए नंगे पैर चढ़ाई पूरी की। दर्शन के लिए, एक्ट्रेस ने अपना लुक सिंपल रखा और ट्रेडिशनल कपड़े पहने हुए नज़र आईं। जब वह मंदिर परिसर से गुज़रीं, तो जिन फ़ैन्स ने उन्हें देखा, वे उनके आस-पास जमा हो गए और उनका हौसला बढ़ाया। दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी और फ़िल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर ने पहले भी अपनी आस्था और तिरुमाला मंदिर की अपनी यात्राओं के बारे में बात की है।



# 'एस्पिरेंट्स' 3 का ट्रेलर रिलीज! पद की गरिमा और पुराने रिश्तों के बीच छिड़ेगी जंग, अब 'पावर' की होगी परीक्षा

**नया रिलीज़ हुआ ट्रेलर टोन में बदलाव का इशारा करता है, क्योंकि जो किरदार कभी सिविल सर्विस के सपनों का पीछा करते थे, वे अब लीडरशिप और जवाबदेही की असलियत से जूझ रहे हैं।**

टीवीएफ (TVF) की सबसे लोकप्रिय सीरीज में से एक 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी कर रही है। शनिवार को रिलीज हुए इसके ट्रेलर ने दर्शकों को उस दुनिया की झलक दिखाई है, जहाँ संघर्ष के दिन पीछे छूट चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारी और सत्ता की नई चुनौतियां सामने खड़ी हैं। यह सीजन 13 मार्च, 2026 को प्राइम वीडियो (Prime Video) पर स्ट्रीम होगा। दीपेश सुमित्रा जगदीश द्वारा निर्देशित यह सीजन ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग सेंटरों से निकलकर प्रशासनिक कार्यालयों और नीति-निर्धारण के कमरों तक पहुँच गया है।

नया रिलीज़ हुआ ट्रेलर टोन में बदलाव का इशारा करता है, क्योंकि जो किरदार कभी सिविल सर्विस के सपनों का पीछा करते थे, वे अब लीडरशिप और जवाबदेही की असलियत से जूझ रहे हैं। द वायरल फीवर द्वारा प्रोड्यूस और दीपेश सुमित्रा जगदीश द्वारा डायरेक्ट की गई यह सीरीज़ पुरानी दुश्मनी और दोस्ती को फिर से दिखाती है, जिससे पता चलता है कि सफलता अपने साथ कई तरह की मुश्किलें भी लाती है।

**ट्रेलर सीज़न 3 के बारे में क्या बताता है?**

ट्रेलर बताता है कि कहानी तैयारी हॉल और कोचिंग सेंटर से आगे बढ़कर, उन किरदारों की ज़िंदगी पर फोकस करती है जो असरदार पदों पर पहुँच गए हैं। कहानी उन्हें ऐसी स्थितियों में डालती है जहाँ पहले के आदर्शों को शासन, फ़ैसले लेने और निजी ज़िम्मेदारी की असलियत के सामने परखा जाता है।

आने वाला सीज़न दिखाता है कि सपना पूरा होने के बाद महत्वाकांक्षाएँ कैसे बदलती हैं। ट्रेलर में दिखाए गए टकराव बताते हैं कि किरदारों को अपनी पिछली दोस्ती को प्रोफ़ेशनल ज़िंदगी के दबावों के साथ मिलाना होगा, जिससे पता चलता है कि कैसे ताकत और दूरी रिश्तों को नया रूप दे सकती है।

**कौन से कलाकार वापस आ रहे हैं?**

सीज़न 3 में कई जाने-पहचाने चेहरे अपने रोल में लौट रहे हैं। नवीन कस्तूरिया ने अभिलाष के अपने रोल को फिर से निभाया है, उनके साथ शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल और सनी हिंदुजा भी हैं। एक्टर नमिता दुबे और टेंगम सेलीन भी लौट रहे हैं, जो पिछले सीज़न से अपने किरदारों के सफ़र को जारी रखते हैं।

नए सीज़न में जतिन गोस्वामी को कलाकारों में शामिल किया गया है, जो कहानी में एक नया मोड़ लाते हैं। वापस आने वाले कलाकार शो की कहानी की निरंतरता को दिखाते हैं, जिसमें कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं और ज़िंदगी बदलने वाले फ़ैसलों से गुज़रने वाले उम्मीदवारों के एक करीबी ग्रुप को दिखाया गया है।

एक्टर नए सीज़न के बारे में कैसे बताते हैं? अपने कैरेक्टर के आर्क के बारे में बात करते हुए, नवीन कस्तूरिया ने कहा कि सीज़न 3 अभिलाष को एक ऐसे स्टेज पर रखता है जहाँ सपना टेक्निकली तो पूरा हो गया है लेकिन असलियत कहीं ज़्यादा कॉम्प्लेक्स है।

उन्होंने कैरेक्टर को पब्लिक की उम्मीदों, पर्सनल गिल्ट और उन लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के प्रेशर से जूझते हुए बताया जिन्होंने उसे सपोर्ट किया। संदीप भैया का रोल करने वाले सनी हिंदुजा ने कहा कि नया सीज़न यह दिखाता है कि जब कैरेक्टर ज़िम्मेदारी वाली पोजीशन में आते हैं तो दोस्ती और आइडियल कैसे बदलते हैं। उनके मुताबिक, कहानी यह दिखाती है कि प्रोफ़ेशनल ग्रोथ और पर्सनल चॉइस उन रिश्तों पर कैसे असर डालते हैं जो कभी सीधे-सादे लगते थे।


**एस्पिरेंट्स दर्शकों के बीच पॉपुलर क्यों रहा है?**

अपने डेब्यू के बाद से, इस सीरीज़ को भारत में सिविल सर्विस एस्पिरेंट्स के सामने आने वाली मुश्किलों को दिखाने के लिए पहचान मिली है। इसकी स्टोरीलाइन कॉम्पिटिटिव एग्जाम से जुड़ी इमोशनल और सोशल चुनौतियों पर सेंटर्ड है, जो इसे कई युवा दर्शकों के लिए रिलेटेबल बनाती है। एम्बिशन, दोस्ती और पर्सनल ग्रोथ पर फोकस करके, शो ने भारत और विदेश में दर्शकों के साथ एक मज़बूत कनेक्शन बनाया है।

सीज़न 3 में कहानी को किरदारों की प्रोफेशनल ज़िंदगी तक बढ़ाया गया है, ऐसा लगता है कि क्रिएटर्स नई मुश्किलें लाते हुए भी उसी तरीके को जारी रख रहे हैं।

तीसरा सीज़न भारत के दर्शकों के साथ-साथ 240 से ज़्यादा देशों और इलाकों के दर्शकों के लिए भी उपलब्ध होगा। जैसे-जैसे कहानी उम्मीद से अधिकार की ओर बढ़ती है, नए एपिसोड का मकसद यह पता लगाना है कि लक्ष्य हासिल होने के बाद महत्वाकांक्षा कैसे बदलती है।

# Khamenei की मौत पर भारत में मातम क्यों? Mandana Karimi ने उठाए सवाल, देश छोड़ने का किया ऐलान





बॉलीवुड एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत से नाराजगी जताते हुए देश छोड़ने की वजह का खुलासा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के हालातों और खामेनेई की मौत पर उन्हें भारत में अपनी बात रखने के लिए समर्थन नहीं मिला, जिससे वह आहत और ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इंडिया छोड़ना चाहती है। एक्ट्रेस ईरान शिफ्ट होना चाहती है। इजरायल- अमेरिका और ईरान में चल रहे तनाव के बीच मंदाना का ये बयान काफी वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि मंदाना कई सालों से भारत में रह रही है। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद मंदाना ने कहा है कि वो अपने देश लौटना चाहती हैं। इस बयान के बाद उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया है। इसके बाद उन्होंने ईरान के मौजूद हालातों पर बात रखी। मंदाना करीमी ने बताया है कि उन्हें 14 साल की उम्र में जेल हो गई थी, जिसकी वजह से वो ईरान छोड़कर भाग गई थीं।

**US-इजरायल-ईरान वॉर पर क्यों बोली मंदाना**

इंडियन एक्सप्रेस के संग बातचीत के दौरान मंदाना ने कहा कि मेरा पूरा परिवार ईरान में है। उनसे बहुत कम बात होती है, कभी कुछ मिनट या सेकंड्स की कॉल्स, वो ठीक हैं, लेकिन कम्युनिकेशन बहुत कम है। देश अभी भी ब्लैकआउट में हैं।

**खामेनई की मौत पर काफी खुश है मंदाना**

आपको बता दें कि, मंदाना ने रिजीम के अत्याचार याद किए। वो कहती हैं कि लोग समझें ये हमने मांगा था। 48 साल बाद हमें हेल्प मिली है। हां, खामेनेई मर गया है, वो एक अलग सेलिब्रेशन है। अब ईरान रजा शाह पहलवी को लीडर चाहता है। वो ईरान और दुनिया भर के ईरानियों का सपोर्ट रखते हैं। ये सरकार नहीं टिकेगी, खामेनेई की जगह जो भी लाएंगे, कुछ नहीं बदलेगा। आगे उन्होंने कहा कि, लोग कहते है उनका बेचा मोजतबा होसेनी खामेनेई आएगा। उसके पिता के ऑर्डर पर हजारों मारे गए। बेटा क्या बदलेगा? न्यूक्लियर वेपन्स पर दूसरे देशों से बातें टाइम वेस्ट करने के लिए थीं। मिसाइलें को मजबूत करने, हथियार बनाने और टेरर ग्रुप्स को फंड करने के लिए ईरान जैसे अमीर देश की सोसाइटी सबसे गरीब क्यों? उन्हें ईरानियों की परवाह नहीं है।

**भारत क्यों छोड़ना चाहती हैं मंदाना?**

हालिए इंटरव्यू में मंदाना ने भारत छोड़ने की बात कही थी। इस पर उन्होंने कहा कि भारत में ईरानी हालातों पर कम बात हो रही है। मुझे सपोर्ट नहीं मिला। जनवरी में सड़क पर जाना चाहती थी, लेकिन परमिशन नहीं मिली। 14 फरवरी को शाह ने दुनिया भर के ईरानियों को बुलाया, मैंने कुछ लोगों को इक्ट्ठा करने की परमिशन ली, लेकिन कोई नहीं आया। लोगों को चुप रहने को कहा। ईरानी फोन करके बोले, सेफ नहीं है। 15 फरवरी को कैंडल मार्च के लिए गई, लेकिन किसी ने लीक कर दिया, पुलिस इंतजार कर रही थी। भारत ने मुझे सेफ रखा। यहां करियर, रिलेशनशिप्स, लाइफ बनीं। भाषा-संस्कृति समझती हूं, लेकिन धोखा फील कर रही हूं। अपनी ओपिनियन शांति से नहीं बोल पा रही हूं। ईरान से डेड बॉडीज-मर्डर की फोटोज-वीडियोज आते हैं। कल न्यूज चैनल पर गई, चैलेंज किया तो अटैक कर काट दिया। मंदाना ने कहा, मैं वो ईरानी औरत हूं जिसने ये सरकार देखी है। अपनी लाइफ बर्बाद की। ईरान से भागी, भारत मिला, लकी हूं।

**मुझे ईरान में बैन कर दिया गया है**

अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे 10 साल पहले ईरान में घुसने के लिए बैन कर दिया गया था। मैं ईरान वापस नहीं जा सकती। हां, मैं भारत छोड़ रही हूं; मैं भारत से बाहर जा रही हूं, लेकिन मैं ईरान वापस नहीं जा रही हूं। मैं भारत से नाराज हूं क्योंकि पिछले कुछ महीनों से मुझे भारत में कोई समर्थन नहीं मिला, और अचानक, जब खामेनेई की मृत्यु हुई, जब इजरायल और अमेरिका का नाम सामने आया, तो भारत में हर किसी की अपनी राय है। हर कोई सड़कों पर उतर आया है और वे वास्तव में खामेनेई के लिए शोक मना सकते हैं, जो मैं नहीं कर सकी और मैं अभी भी नहीं कर सकती।'

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
महेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी, OCD याददाश्त कमजोर होना, सिज़ोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS, DPM, MD
Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Shahnaz
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010